सेवा में,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा),
–सह–नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण),
बिहार, पटना।

दिनांक–27/01/2021

विषय– पूर्णियाँ जिलान्तर्गत रूपसपुर खगहा मौजा के खाता संख्या–232, 497, खेसरा संख्या–2327, 2331, अनुमंडल–धमदाहा में मीरगंज–कुरसैला SH-77 पथ के किनारे IOCL का निर्माणाधीन रिटेल आउटलेट खोलने के लिए अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सादर निवेदन है कि IOCL द्वारा पूर्णियाँ जिलान्तर्गत रूपसपुर खगहा मौजा के खाता संख्या–232, 497, खेसरा संख्या–2327, 2331, अनुमंडल–धमदाहा में मीरगंज–कुरसैला SH-77 पथ के किनारे IOCL का निर्माणाधीन रिटेल आउटलेट खोलने के लिए डीलरशीप प्रदान की गयी है, जिसके लिए वन विभाग की अनापत्ति प्रमाण–पत्र की आवश्यकता है। अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने हेतु सभी संबंधित कागजात संलग्न कर रहा हूँ।

अतः अनुरोध है कि वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत् पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय, भारत सरकार से अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत कराने की कृपा की जाय।

अनु०– प्रस्तावित रिटेल आउटलेट से संबंधित सभी कागजात, नक्शा सहित आठ प्रतियों में संलग्न।

विश्वासभाजन,

मधुलता कुमारी
(मधुलता कुमारी)

कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार, पटना
प्राप्ति संख्या 110
दिनांक 28/01/2021
(कैम्प एवं वन संरक्षण संभाग)